प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 10.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरती कानून व्यवस्था पर चर्चा की रखी मांग, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा अपराधियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई।
- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, मामले का जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने होली के मौके पर झारखंड की महिलाओं की ओर बनाए गए हर्बल गुलाल और उत्पादों के उपयोग की अपील की।
- राज्यभर के स्कूलों में जैक की आठवीं बोर्ड की चल रही है परीक्षा, पांच लाख से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल, नौवीं बोर्ड की परीक्षा कल से होगी शुरू।
- रांची में 18 मार्च से होनेवाली नेशनल महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए हुए चयन ट्रायल में 29 खिलाड़ियों का हुआ चयन, 12 मार्च को होगी झारखंड टीम की घोषणा।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर चर्चा की मांग रखी।

विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन के बाहर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ राज्य सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद विधायक अनंत प्रताप देव, सुरेश बैठा, संदीप गुड़िया समेत अन्य विधायकों ने अपने अपने प्रश्न रखें।

*******************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आज रांची में कहा कि एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और मामले का जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने से पहले शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पांच साल के अंदर राज्य में शिक्षा के स्तर में काफी सुधार होगा।

बता दें कि आज के बजट सत्र के दौरान स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के बजट पर भी चर्चा की जायेगी।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने होली के मौके पर लोगों से झारखंड की महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल, हैंडमेड चॉकलेट और रागी लड्डू इस्तेमाल करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स संदेश में कहा है कि हमारी मेहनतकश माता– बहनों द्वारा बनाए गए शुद्ध उत्पादों का उपयोग कर अपने त्यौहार में खुशियों के रंग भरें। बता दें कि राज्य के 12 जिलों की सखी मंडलों की सदस्यों ने झारखंड राज्य आजीविका मिशन जेएसएलपीएस के साथ मिलकर हर्बल गुलाल तैयार किया है। इसकी बिक्री मिशन द्वारा संचालित पलाश केंद्रों पर शुरू की गई है। राजधानी रांची, हजारीबाग, पलामू, रामगढ़, लोहरदगा और अन्य जिलों में इन उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

*******************

होलिका दहन के दौरान पर्यावरण संरक्षण को लेकर कोडरमा गौशाला की ओर से बड़े पैमाने पर गौ काष्ट तैयार किया जा रहा है। गौ काष्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरुण मोदी ने बताया कि गौ कास्ट के इस्तेमाल से जंगलों की कटाई भी कम होगी।

*******************

जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय के आवासीय कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सरयू राय ने लोगो को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह मे जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो भी शामिल हुए।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक की ओर से आज राज्य भर में आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में राज्य के 5 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं नौवीं बोर्ड की परीक्षा कल और 12 मार्च को आयोजित की जायेगी। नौवीं की बोर्ड परीक्षा में साढ़े चार लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं मैट्रिक और इंटर की प्रायोगिक परीक्षा भी आज से शुरू हो गई।

*******************

गुमला जिला मुख्यालय में संचालित नारी निकेतन में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि झारखंड में धर्म परिवर्तन को रोका जाएगा और आदिवासियों को मिलने वाले हक और आरक्षण किसी दूसरे को नहीं लेने देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री जमशेदपुर के करनडीह स्थित जाहिरथन में बाहा पर्व में शामिल हुए और अपने परिवार के साथ पारंपरिक वेशभूषा में पूजा अर्चना की ।

*******************

नेशनल महिला हॉकी लीग 2025 के लिए राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में चयन ट्रायल हुआ। इस चयन ट्रायल में 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिनमें से 29 खिलाड़ियों का चयन विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। सभी चयनित खिलाड़ी 12 मार्च को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे और इसके बाद टीम की घोषणा की जाएगी। यह चयन ट्रायल हॉकी इंडिया द्वारा 18 से 27 मार्च तक रांची में आयोजित होने वाली नेशनल महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

*******************